

एक नजर में

## जान बूझकर श्वान को कुचलने पर एफआईआर दर्ज

**धार।** चाणक्यपुरी क्षेत्र में सड़क पर बैठे श्वान पर जान बूझकर मारने की नीयत से चस्कॉपियो वाहन से कुचल दिया। श्वान शिकायतकर्ता विशाल पिता राजेश बोरासी का पाला हुआ था व गली में घूमता था। शाम को ही पुलिस से शिकायत करने के बाद कोई कार्यवाही नहीं कि गई। दूसरे दिन फिर सुबह आरोपी बालचन्द के साथी पंकज वैष्णव व परिवार वालों ने फरियादी से मारपीट की। पहले भी ये लोग श्वानों को खाना खिलाने पर झग?ा व दुर्व्यवहार शिकायतकर्ता से कई बार कर चुके थे जिसकी थाने पर शिकायत पहले भी की जा चुकी थी। कुचलने के पश्चात भी इन्होंने आगे भी पशुओं को मारने की बात करता की व शिकायतकर्ता के परिवार व महिलाओं को भी गाली गलौच करके धमकाता रहा। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता ने श्वान को कुचलने का सीसीटीवी फुटेज व मारपीट गाली गलौच के वीडियो साक्ष्य के रूप में पुलिस को दिए। मेनका गांधी की पशु सेवा संस्था पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) की सहयोग से एफआईआर हुई।

## किसान सेवा सप्ताह अभियान



**मनावर।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक जयपाल सिंह चावड़ा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मध्यप्रदेश के नेतृत्व में किसान सेवा सप्ताह अभियान के तहत आज मनावर कृषि ऊपज मंडी में उन्नत खेती, जैविकखेती, पशुपालन एवं डेयरी संबंधित किसानों को शाल श्रीफल व प्रशस्ति एवं माला पहनाकर किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा टीवी के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा धार जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह चौहान, कार्यक्रम के प्रभारी राधेश्याम मुकाती, जिला पदाधिकारी पार्षद लोकेश मुकाती, पन्नालाल जी पाटीदार, पिंकी वास्केल भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू पाटीदार, सोहन सोलंकी, अमित शर्मा, हरिओम पाटीदार, मोहित पाटीदार एवं भाजपा के जिला व मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ किसान बंधु बाबूलाल सोलंकी लक्ष्मण काग राजू वास्केल आदि किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सह मीडिया प्रभारी अंकित जी शुक्ला द्वारा किया गया एवं आभार राधेश्याम मुकाती ने माना।

## पंचकुंडीय नवदिवसीय शतचंडी महायज्ञ की आज होगी पूर्णाहुति



**मनावर।** राधारमण कॉलोनी स्थित कनकधाम सीताराम आश्रम पर चल रहे पंचकुंडीय नवदिवसीय शत् चंडी महायज्ञ की आज होगी पूर्णाहुति। श्री 108 रामसेवक दास जी त्यागी (बड़े भक्त माली) के सानिध्य में यज्ञ आचार्य पंडित हेमेंद्र शर्मा देपालपुर व यज्ञ ब्रह्मा पंडित विनोद शास्त्री उज्जैन के द्वारा करवाई जाएगी। शुक्रवार को श्री राम जन्मोत्सव एवं नगर भ्रमण होगा, जिसमें अनेकों स्थान से पधारे साधु संत सम्मिलित होंगे तथा पुन: आश्रम पर पहुंचकर साधु संतों का पूजन होगा उसके बाद पूर्णाहुति एवं महा आरती की जावेगी पश्चात भंडारे का आयोजन भी होगा। जिसमें कनक धाम आश्रम भक्त मंडल द्वारा आसपास के क्षेत्र की जनता से इस महायज्ञ में पधारने का आग्रह किया है।

## बजरंग दल ने हर्षोल्लास के साथ निकाली भव्य राम जन्मोत्सव शोभायात्रा, जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा नगर



**कुक्षी।** नगर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव राम नवमी के पावन अवसर पर बजरंग दल द्वारा नगर में एक भव्य शोभायात्रा रविवार निकाली गई। इस दौरान पूरा नगर भक्तिमय नजर आया और चारों ओर जय श्री राम के गूंज सुनाई दी। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण ट्रैक्टर-ट्रॉली पर विराजित भगवान श्री राम का भव्य प्रतिमा और आकर्षक झांकी रही। फूलों से सजे ट्रैक्टर पर प्रभु राम की छवि के दर्शन करने के लिए जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल डीजे पर भक्तिपूर्ण भजनों और श्रीराम के जयकारों ने वातावरण में जोश भर दिया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ब?ी संख्या में नगरवासी, बुजुर्ग और बच्चे भी इस जुलूस का हिस्सा बने। केसरिया ध्वज लहराते युवाओं की टोली ने उत्सव की शोभा को दोगुना कर दिया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राजेश यादव के साथ पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष रौनक पाटीदार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्म और संस्कृति के संरक्षण के संकल्प के साथ यह आयोजन भव्य रूप में संपन्न हुआ।

## मंत्री और सांसद पहुंचे आम्बुआ, बोहरा समाजजनों से धर्मगुरु के प्रवास को लेकर की आवश्यक चर्चा



**आलीराजपुर।** बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना साहब के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान ने आम्बुआ स्थित बोहरा समाज मस्जिद पहुंचकर इमाम साहब एवं समाजजनों से मुलाकात की। इस दौरान भभाजपा मंडल अध्यक्ष भरत माहेश्वरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्की माहेश्वरी, विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष जुवानसिह, यश राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। समाजजनों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्री चौहान ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान ने आश्वस्त किया कि सैयदना साहब के आगमन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। समाजजनों ने भी इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। आपको बता दे कि सैयदना साहब के 3 दिवसीय प्रवास के दौरान वे आम्बुआ में रात्रि विश्राम करेंगे।

हनुमान जी के जन्मोत्सव पर

# संकट मोचन हनुमान मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल से

- स्वर्गीय छगनलाल जायसवाल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी नारायणी कलादेवी जायसवाल का संकल्प
- विशाल भजन संध्या और विशाल भंडारे का होगा आयोजन





**बाकानेर। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन समाज ओर धर्म के लिए जीना भी एक तपस्या है। क्योंकि समाज सेवा से बड़ा कोई भी धर्म नहीं है। इसका मौका भी हर किसी को नहीं मिलता, भगवान यदि किसी को इस लायक बनाता है तो उसे हर हाल में जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए।**

स्वर्गीय छगनलाल जायसवाल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी नारायणी कलादेवी जायसवाल द्वारा सामाजिक समरसता धर्म के लिए प्रतिबद्धता के संकल्प को अंगीकार किया था। संकल्पित था, बाकानेर के 7 मंदिरों को नवनिर्मित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाए, प्रभु कृपा का प्रतिफल है की उनके सुपुत्र सुनील कुमार जायसवाल ने सन 2017 में श्री खेड़ापति सरकार हनुमान जी मंदिर का जीर्णोद्धार, 2019 में श्री चिंतामन गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार, सन 2022 में शिव मंदिर बायपास रोड (नृसिंह टेकड़ी) का नवनिर्माण, 2024 में बाकानेर के चेतना कॉलोनी में रामेश्वर मंदिर का नव निर्माण, 2025 में बाकानेर के भगवानपुरा में महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया। 2017 से अब तक छह मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। इसी क्रम में आगामी 2 अप्रैल 2026 को बाकानेर के घटवाल नदी पर स्थित सातवें मंदिर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

संकल्पित परिवार द्वारा संकल्प पूरा होने पर इसी क्रम को आगे बढाते हुए बाकानेर के चेतना कॉलोनी में श्री शीतला माता मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन एवं ब्राह्मण मोहल्ला स्थित प्राचीनतम श्रीकृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि 31 मार्च 2026 को शीतला माता मंदिर का भूमि पूजन 9 बजे रामेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी प्रात: 10 बजे श्री कृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया जाएगा, बुधवार 1 अप्रैल 2026 को शाम 5 बजे शिव परिवार का नगर भ्रमण किया जाएगा और रात्रि 8 बजे प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जाएगी। 2 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और 12 बजे विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

धर्म अनुरागी जायसवाल परिवार नारायणी कलावती स्व. छगनलाल जी जायसवाल, सुनील-संगीता जी जायसवाल, डॉ.शुभम जायसवाल, डॉ. तरुणा भारद्वाज, डॉ. आकाश जायसवाल, डॉ. निशि आजाद जायसवाल परिवार ने सपरिवार धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

# पेटलावद में धर्मध्वजा के साथ निकला श्रद्धा का कारवां, श्रीराम जन्मोत्सव की अभूतपूर्व धूम



- अयोध्या सा सजा पेटलावद, सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व में निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा
- मर्यादा पुरुषोत्तम के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर, पग-पग पर हुआ प्रभु का आत्मीय स्वागत

**सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की महाआरती**

विभिन्न मार्गों से होती हुई यह धर्मयात्रा मध्य रात्रि 12 बजे राम मोहल्ला स्थित प्राचीन राम मंदिर पहुंची। यहां आचार्य पं. पीयूष जोशी के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजन-अर्चन और महाआरती संपन्न हुई। आयोजन समिति की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली और नगरवासियों के सामूहिक सहयोग से यह आयोजन दिव्यता के साथ संपन्न हुआ।

**पेटलावद।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राकट्य उत्सव रामनवमी के पावन उपलक्ष्य में नगर में भक्ति, शक्ति और संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला। सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभायात्रा ने संपूर्ण पेटलावद नगर को राममय कर दिया।

उत्सव का शुभारंभ स्थानीय बड़े रामजी मंदिर में भगवान की दिव्य महाआरती के साथ हुआ। मंदिर प्रांगण से जब प्रभु की सवारी निकली, तो भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। शोभायात्रा के अग्रभाग में केसरिया धर्मध्वजा थामे अश्वारूढ़ श्रद्धालु चल रहे थे, जो सनातन शौर्य का प्रतीक लग रहे थे।

**झांकियां और अखाड़ों का आकर्षण:** यात्रा में भगवान राम-लक्ष्मण की सजीव झांकी और प्रभु श्री राम की विशालकाय प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। तीन अखाड़ों के युवाओं ने शस्त्र संचालन और कलाबाजी के माध्यम से अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से कन्नू भाई पहलवान के हैरतअंगेज करतबों ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी इस कला से प्रभावित होकर दादू जी महाराज संस्थान एवं पूज्य कमला बुआ (किन्नर) द्वारा उन्हें श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया।

**सामाजिक समरसता का उदाहरण:** नगर भ्रमण के दौरान पग-पग पर पुष्प वर्षा और आरती के माध्यम से प्रभु का स्वागत किया गया। इस दौरान दादू जी महाराज संस्थान, कमला बुआ, सिर्वी समाज, वाल्मीकि समाज, ब्राह्मण समाज, मेवा?ा लुहार समाज, बलाई समाज, गुर्जर समाज, महावीर समिति, राजपूत समाज और नया गुजराती लुहार समाज सहित अनेक संगठनों ने पलक-पाव? बिछाकर शोभायात्रा का आत्मीय अभिनंदन किया।

# कन्या पूजन कर सेवा भारती ने दिया नारी सम्मान का संदेश





**पेटलावद।** नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर सेवा भारती झाबुआ प्रकल्प, पेटलावद द्वारा प्रकल्प परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए तथा स्वल्पाहार कराया गया।

सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण की भावना को सुदृढ़ करना है, ताकि बालिकाओं को बचपन से ही सम्मान मिले। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों एवं प्रकल्प से जुड़े सहयोगियों ने भी कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सेवा भारती झाबुआ के जिला अध्यक्ष हरिओम पाटीदार, तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट, जिला समिति सदस्य राजेश सिंधराज, सुरेश प्रजापति तथा प्रकल्प के सहयोगी नेहा मकवाना, प्रिया सोलंकी, गायत्री मोरवाल और माही परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सेवा भारती प्रकल्प में सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षार्थी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के अंत में सेवा भारती पेटलावद प्रकल्प द्वारा जानकारी दी गई कि ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का नया सत्र शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें इच्छुक महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। इसके साथ ही सिलाई प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।

# आलीराजपुर में माहेश्वरी महिला मण्डल के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न





- नई टीम को मिली सर्वसम्मति से जिम्मेदारी

**आलीराजपुर।** सामाजिक एकता, संगठनात्मक सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में माहेश्वरी महिला मण्डल, जिला आलीराजपुर के चुनाव शनिवार को माहेश्वरी भवन में अत्यंत गरिमामयी वातावरण में निर्विरोध सम्पन्न हुए। यह आयोजन न केवल संगठन की एकजुटता का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में महिला नेतृत्व के बढ़ते प्रभाव को भी दर्शाता है।

चुनाव प्रक्रिया विशेष अतिथि निर्मला माहेश्वरी, चुनाव अधिकारी शकुंतला कोठारी, पर्यवेक्षक अयोध्या चौधरी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनिता कोठारी एवं जिला सचिव ज्योति कोठारी की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष- ज्योति कोठारी, उपाध्यक्ष- प्रीति मंत्री, सचिव जयश्री सोमानी, संयुक्त सचिव- रमिला कोठारी, संगठन मंत्री- उषा थेपड़िया, कोषाध्यक्ष- आशा सोमानी का निर्विरोध चयन किया गया। निर्विरोध चुनाव इस बात का प्रमाण है कि संगठन के सदस्यों के बीच आपसी विश्वास, समन्वय और संगठन के प्रति समर्पण की भावना अत्यंत सुदृढ़ है। नवगठित टीम से अपेक्षा व्यक्त की गई कि वे समाजहित, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक उत्थान के कार्यों को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करेंगी। मीडिया प्रभारी कृष्णकांत बेड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर जिला माहेश्वरी समाज, नगर माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मण्डल, माहेश्वरी वधु मण्डल, चारभुजा मित्र मण्डल एवं माहेश्वरी मित्र मण्डल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी के प्रति पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए आशा जताई कि यह टीम समाज में सकारात्मक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। यह निर्विरोध चुनाव न केवल संगठनात्मक परिपक्वता का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तो विकास और नेतृत्व दोनों ही सशक्त रूप से स्थापित होते हैं।

# रामनवमी पर नवनिर्मित सिंगाजी गौशाला का भव्य लोकार्पण

**मनावर।** रामनवमी के पावन पर्व पर नवनिर्मित सिंगाजी गौशाला का भव्य लोकार्पण प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रवीण शर्मा (राधे भैया) वराहनगर तीर्थ क्षेत्र बड़ा बड़दा के कर कमलों से सरपंच भागीराम भाबर उपसरपंच दिनेश पटेल कैलाश भारती की उपस्थिति में हुआ।

गौशाला का संचालन देवी सीता अजिविका समूह वायल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रवीण शर्मा (राधे भैया) ने गौशाला लोकार्पण मे फीता काटने के बजाय भारतीय सनातन संस्कृति के अनुरूप दिप जलाकर गौमाता की पुजा मिष्ठान, पुडी, हरि घास खिलाकर गौमाता प्रवेश कर शुभारम्भ किया गया। पंडित प्रवीण शर्मा राधे भैया द्वारा सिंगाजी गौशाला का गौमाता मंदिर नामकरण करते हुए बताया कि गौमाता का इतिहास भारत की सनातन संस्कृति में अत्यंत प्राचीन और पुजनीय है। वेदों में गाय को जीवनदायिनी माना गया है। पैराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन से प्रगट कामधेनू से लेकर भगवान श्री कृष्ण को गोपालन तक गाय को माँ, पोषणकर्ता और तैतीस कोटी देवताओं के वास के रूप में पवित्र स्थान प्राप्त हुआ है। सरपंच उपसरपंच दिनेश पटेल, पंच सोना राजाराम, रामलाल भगाजी, सकु बाई भगीराम भाभर, राधाबाई शांतीलाल पटेल, बुदीबाई नराण, गोमती डोंगरसिंह रंजना संजय, मलु बाई मालसिंह, मालसिंह दगड़ीया, हरि गुलाब मुवेल, सचिव जितेन्द्र पाटीदार, सहायक सचिव श्रीराम धनगर, मोबिलाईजर संदिप पाटीदार, कार्यालय मंशाराम पिता खेमाजी पटेल, टीआर पाटीदार, सुरेश गुजरातिया, शांतीलाल पटेल, लिलाधर, राकेश मोदी, दिनेश बागलिया, जगदीश, सुनिल मुकाती, डा.विरेन्द्र, अशोक स्वसहायता समुह की कार्यकर्ता, ग्रामवासी, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां तेज

**आलीराजपुर।** सिद्धेश्वर राजवाड़ा हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भक्तों में उत्साह का माहौल देखते हुए आयोजन को भव्य स्वरूप देने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया है। 2 अप्रैल को सिद्धेश्वर हनुमान बाबा की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी, वहीं मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।



मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ ने बताया कि जन्मोत्सव को लेकर सिद्धेश्वर हनुमान भक्त मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को राजवाड़ा हनुमान मंदिर परिसर में रात्री 8 बजे बाबा के भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में शोभायात्रा को आकर्षक एवं भव्य बनाने, नगर भ्रमण के मार्ग निर्धारण, तथा भंडारे की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए भक्तों के बीच जिम्मेदारियों का वितरण भी किया जाएगा। भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हनुमान जन्मोत्सव को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाने में सहयोग प्रदान करें।

**एक नजर में** — प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की 140 करोड़ जनता को चुनौती से बाहर निकालने और अपवाहों के बहकावे में न आने की अपील की

# भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' के 132वें संस्करण को सुना

- केंद्रीय राज्यमंत्री ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत भारती विधायक वर्मा और अन्य हुए शामिल



**धार। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण को जिले के सभी 18 मंडलों पर सामूहिक रूप से रविवार को श्रवण किया गया, जिसमें प्रेरणादायी संवाद में प्रधानमंत्री मोदी जी ने पड़ोसी देशों के मध्य हो रहे युद्ध को देखते हुए सभी देशवासियों से जागरूक और एकजुट रहने का अनुरोध किया।**

उन्होंने भारत सरकार की तरफ से जारी होने वाली जानकारियों पर ही विश्वास करने की अपील की। साथ ही समाज में जनभागीदारी, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक प्रयासों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर धार विधानसभा क्षेत्र विधायक श्रीमति नीना वर्मा ने नगर के विक्रम ज्ञान मंदिर सभाकक्ष लाल बाग में आजीविका मिशन की बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के साथ सामूहिक रूप से किया। इसी क्रम में धार विधानसभा के पीथमपुर में बूथ क्रमांक 322 पर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल ने तथा पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने बदनावर विधानसभा क्षेत्र बखतगढ़ मंडल के गाँव भैंसोला में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बड़े उत्साह के साथ सुना गया। सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक परिस्थितियों, ऊर्जा संकट की संभावनाओं, देश की एकता एवं सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें और कठिन समय में संयम व सहयोग की भावना बनाए रखें।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जो समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया की मन की बात कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल व देवेंद्र सोनोने, नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम कालीचरण सोनवानिया हुकुम लश्करी देवेंद्र रावल दीपक बिडकर राजेश हारो? सीमा सोनी अनुसुईया वैष्णव सरिता पाटीदार समेत भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे। संस्करण को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ जिले के सभी बूथों पर श्रवण किया। जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।